## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री निवास में 5 फरवरी को 'जनचौपालः भेंट-मुलाकात' का कार्यक्रम रहेगा स्थगित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में 5 फरवरी बुधवार को आयोजित होने वाला 'जनचौपाल भेंट-मुलाकात' का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित रहेगा।

### राशन कार्डो में आधार लिंकिंग 31 मार्च तक

**रायपुर।** प्रदेश के राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं के राशन कार्डो में आधार लिंकिंग के लिए समय बढ़ाकर 31 मार्च 2020 कर दिया गया है। राशनकार्ड धारी उपभोक्ता अब अपने राशन कार्ड में आधार लिंकिंग 31 मार्च तक करा सकेंगे। आधार लिंकिंग के लिए समय बढ़ाने के संबंध में भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य एवं सार्वजनिक विभाग द्वारा 24 दिसम्बर 2019 को अधिसूचना जारी की गई है। खाद्य विभाग के सचिव डॉ.कमलप्रीत सिंह ने प्रदेश के राशनकार्ड धारी उपभोक्ताओं को 31 मार्च 2020 तक अपने राशनकार्डो में आधार लिंकिंग कराने की सलाह दी है।

### सारनाथ एवं बिलासपुर-रीवा में अतिरिक्त एसी कोच की सुविधा

**रायपुर।** ट्रेनों में होने वाली यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस में 01 अतिरिक्त अस्थायी एसी-दो सह एसी-तीन कोच एवं 15159/15160 सारनाथ एक्सप्रेस में 01 अतिरिक्त अस्थायी शयनयान कोच की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार 17007/17008 सिकंदराबाद-दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त स्थायी एसी-तीन कोच की सुविधा प्रदान की जा रही है।

### रूर्बन मिशन अंतर्गत कार्यो का मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने किया निरीक्षण

» गौठान में छाया की व्यवस्था करने के दिये निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता गांधी ने ग्राम पंचायत कोर्रा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन निर्माण कार्य के वास्तविक प्रगति को देखते हुए निर्माण कार्य को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग कुरूद को दिये। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण प्रणाली द्वारा रूर्बन मिशन अंतर्गत विद्युत खम्भों पर योजना का सूचना बोर्ड अंकित करने कहा गया।

### राज्य योजना आयोग में तीन मंत्रियों को पदेन सदस्य के रूप में किया गया नियुक्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया को पदेन सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

### आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा 7 मार्च को

» आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना वर्ष 2020-21 हेतु कक्षा 6 वीं के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा जिला स्तर पर 7 मार्च 2020 को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। विद्यार्थी अपना आवेदन पत्र 20 फरवरी तक संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थी को छ.ग.का मूल निवासी होना चाहिए। विद्यार्थी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो, इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र धारक हो, छ.ग.में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला में से कक्षा 5 वीं में नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया है।

# परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में परिवहन विभाग और बस संचालकों की बैठक

## » अब समय-सीमा में परिवहन आयुक्त कार्यालय से मिलेगा यात्री बस परमिट



**रायपुर।** परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में सोमवार को इन्द्रावती भवन नवा रायपुर में परिवहन विभाग के अधिकारियों और बस संचालकों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। श्री अकबर ने बैठक में डिवीजनल आयुक्त कार्यालय में बस परमिट जारी करने, नवीनीकरण संबंधित शिकायतों को ध्यान में रखते हुए परिवहन आयुक्त कार्यालय से बस परमिट जारी करने का बड़ा निर्णय लिया है। अब संपूर्ण छत्तीसगढ़ को एक क्षेत्र मानते हुए यात्री बस परमिट डिवीजनल आयुक्त कार्यालय के बजाय अब परिवहन आयुक्त कार्यालय से नवीन बस परमिट, अनुज्ञापत्रों का नवीनीकरण एवं वाहनों के प्रतिस्थापना संबंधी प्रकरणों के निराकरण संबंधी कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा मोटर अधिनियम 1988 की धारा 68 के प्रयोजन हेतु संपूर्ण छत्तीसगढ़ को एक क्षेत्र घोषित करते हुए एकल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार का गठन किया जाकर परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ को एकल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार नियुक्त किया गया है। बस संचालकों द्वारा यात्री बस अनुज्ञापपत्र जारी करने, नवीनीकरण सहित अन्य प्रकरणों के निराकरण के लिए डिवीजनल कार्यालयों द्वारा लेट लतीफी और परमिट जारी के लिए बस संचालकों के बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने की शिकायतें आ रही थी। सही समय पर बस परमिट जारी होने से आवागमन में काफी दिक्कत होती है। इससे यात्रियों को बहुत परेशानी होती है। मंत्री श्री अकबर ने इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पारदर्शिता और समय-सीमा में यात्री बस परमिट जारी करने अधिकारियों को निर्देशित किए है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि आम जनता की सुविधा के लिए यात्री बसों का आवागमन निरंतर बनाया रखा जाना आवश्यक है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु एकल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, छत्तीसगढ़ द्वारा परिवहन कार्यालयों में स्थायी अनुज्ञापत्रों के नवीनीकरण एवं वाहनों के प्रतिस्थापन के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए परिवहन मुख्यालय इन्द्रावती भवन, तृतीय तल, सी ब्लॉक, अटल नगर, नवा रायपुर में 3 से 7 फरवरी तक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयवार अनुज्ञापत्रों का नवीनीकरण एवं वाहनों के प्रतिस्थापना संबंधी प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही संपन्न की जा रही है। एकल प्रक्रिया के तहत यात्री बस परमिट जारी होने से बस संचालकों को समय-सीमा में बस परमिट मिल सकेगा और आवागमन में कोई परेशानी नहीं होगी। प्रदेश में पांच क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय-रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर डिवीजनल कार्यालय है। जहां यात्री बस परमिट जारी किए जाते हैं।

## टसर कोसा उत्पादन - ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में टसर कोसा उत्पादन के लिए रेशम विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में 39.76 करोड़ रूपए का टसर कोसा का उत्पादन किया गया है। इससे न केवल अनुसूचित जाति एवं जनजाति परिवार लाभान्वित हो रहे है बल्कि बड़ी संख्या में कोसा से जुड़े उद्योगों तथा धाग बनाने वाले कामगारों, बुनकरों, डिजाईनरों और प्रिन्टरों रोजगार मिल रहा है। रेशम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आदिवासी उप योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में टसर कोसा उत्पादन से जुड़े 21 हजार 362 ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया गया इनमें अधिकांश अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग से संबंधित है। आगामी वित्तीय वर्ष 2020-21 में रेशम विभाग द्वारा टसर कोसा उत्पादन के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। इसके तहत कोसा उत्पादन से 86 हजार 253 ग्रामीणों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 5 सौ हेक्टेयर क्षेत्र में नवीन पौध रोपण किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि नई सरकार बनने के बाद प्रथम छह माह में राज्य में 25.04 करोड़ मूल्य का 6.26 करोड़ कोसा फलों का उत्पादन हुआ। कोसा फलों के प्रोसेसिंग के बाद 111.73 मीट्रिक टन रॉ सिल्क का उत्पादन हुआ। जिसका बाजार मूल्य 39.76 करोड़ रूपए है। इस रॉ सिल्क से 12.41 लाख मीटर कोसे कपड़े का उत्पादन किया जाएगा। जिसका बाजार मूल्य 74.49 करोड़ रूपए है।

## जहां चुनौतियां रहीं, वहीं बनाये हैं रास्ते-आशीष

### » मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना ने बदली जिंदगी




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लैलूंगा के आशीष सुदूर गांव तक शिक्षा की अलख जगाने सफर पर निकल पड़े हैं। उन्हें हौसला और ताकत मिली, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से। इस योजना से प्राप्त ऋण 1 लाख 43 हजार से उन्होंने आदिवासी बहुल अंचल ग्राम कुंजारा में एकलव्य कम्प्यूटर एजुकेशन आरंभ किया। वे कहते हैं जहां चुनौतियां रही वहीं मैने रास्ते बनाये हैं। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से उन्हें संबल मिला और उन्होंने पथरीली राहों की परवाह नहीं की। आज उनका यह संस्थान इस क्षेत्र का अग्रणी संस्थान बन गया है और दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से युवा उनके संस्थान में कम्प्यूटर की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं तथा सफलता के नये कीर्तिमान रच रहे हैं।

आशीष ने बताया कि देश के प्रख्यात वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम उनके प्रेरक एवं आदर्श व्यक्तित्व हैं। उनका जीवन हमारे लिए पथप्रदर्शक एवं प्रेरणादायक है। आशीष ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया, अब जाकर उन्हें मंजिल मिली है। तमाम बाधाओं को पार कर अपनी जीवटता, मेहनत, लगन एवं उम्मीद की बदौलत यह सफलता अर्जित की है। असफलताओं से भी इंसान बहुत कुछ सीखता है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि आज उनके संस्थान में 80 विद्यार्थी है। मेरे लिए प्रसन्नता की बात है कि उनके जीवन को आगे बढ़ाने का मौका मुझे मिला है। उनके संस्थान में युवा विद्यार्थी डीसीए, पीजीडीसीए, टैली, एडीसीए की पढ़ाई कर रहे है, वहीं सीएसआर गर्वमेन्ट प्रोजेक्ट के तहत भी बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि वे कई प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होते है और बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा एवं आत्मनिर्भर कैसे बने, इसके लिए प्रोत्साहित करते है। अब मन में एक सुकून भी है कि बच्चे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से प्राप्त ऋण ने उनकी जिंदगी बदल दी है।

## विश्व बैंक के प्रतिनिधि मण्डल ने श्रम सचिव से की भेंट



**रायपुर।** राज्य शासन के श्रम विभाग के सचिव एवं श्रमायुक्त सोनमणि बोरा से आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में विश्व बैंक के प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाकात कर राज्य में महिला कामगारों के कल्याण के संबंध में राज्य शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

प्रतिनिधि मण्डल में विश्व बैंक के सामाजिक सुरक्षा विशेषज्ञ अमरीश साही तथा कन्सल्टेंट संदीपदास शामिल थे। श्रम सचिव बोरा ने प्रतिनिधि मण्डल को राज्य में महिला कामगारों को प्रसूति के समय उन्हें मजदूरी में होने वाले नुकसान तथा उनके स्वास्थ्य के लिए उन्हें कैसे ज्यादा से ज्यादा शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकता है।

इसके संबंध में एक अध्ययन रिपोर्ट सौपने की बात कही। इस अवसर पर राज्य शासन के श्रम विभाग की भगनि प्रसूति योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।



### स्कूल के विद्यार्थियों का किया गया निःशुल्क नेत्र परीक्षण

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग द्वारा आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोईंग के विद्यार्थियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। बच्चों को अपने नेत्र सुरक्षित रखने के उपाय बताए गए। साथ ही निःशुल्क चश्मा दिया गया।

## भारतीय वन सेवा के 25 अधिकारियों का पदस्थापना आदेश जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार ने भारतीय वन सेवा के 25 अधिकारियों का मंगलवार को पदस्थापना आदेश जारी किया है।

वन विभाग के संयुक्त सचिव भोस्कर विलास संदिपान द्वारा इस सम्बध में जारी आदेशानुसार पीव्ही नरसिंग मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य वनौषधि पादप बोर्ड रायपुर को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कार्य आयोजन) बनाकर नया रायपुर भेजा गया है, वहीं जेएसीएस राव को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक छग राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर को छग राज्य वनौषधि पादप बोर्ड रायपुर का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है।

इसी प्रकार एसके सिंह अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) छग नया रायपुर को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) छग नया रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। पीसी पाण्डेय अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) छग नया रायपुर को छग राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर का संचालक बनाया गया है। बी आनंद बाबू को छग राज्य लघु वनोपज संघ नया रायपुर के कार्यकारी संचालक से अपर प्रबंध संचालक बनाया गया है।

## डायल 112 इवेंट...

### बच्ची को कुत्ते ने काटा, राइनो की मदद से पहुंची अस्पताल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सारंगढ़ राइनो को दिनांक 04.02.2020 को सुबह 7:13 बजे सिंगारपुर में रहने वाली 7 वर्षीय बालिका उमा यादव पिता बोधन यादव को घर के समीप कुत्ते ने हाथ पर काट लिया था ।मेडिकल इमरजेंसी के इवेंट पर सारंगढ़ राइनो मौके पर पहुंचकर बालिका को सीएचसी सारंगढ़ लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया गया है ।

### सड़क दुर्घटना का इवेंट...

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** घरघोड़ा राइनो को दिनांक 04.02.2020 के सुबह कोटरीमाल के पास मोटरसाइकिल के चक्के में साड़ी फस जाने से युवती पूर्णिमा एक्का पति कमल एक्का 27 साल निवासी बोड़ाझरिया थाना लिफरीपारा जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा सड़क पर गिरी ,जिसे काफी चोटें आई थी। जिसे घरघोड़ा राइनो स्टाफ द्वारा सीएचसी घरघोड़ा में भर्ती कराया गया है ।

सारंगढ़ राइनो को गोदाम के पास मोटरसाइकिल से गिर कर चोटिल हुए बोधराम सिदार पिता दाऊ राम सिदार उम्र 51 वर्ष तथा प्रेम राम सिदार पिता चंदन सिदार उम्र 39 साल निवासी परिधीपाली थाना बसना जिला महासमुंद को उपचार के लिए सारंगढ़ में भर्ती कराया गया।

कोतरारोड राइनो स्टाफ द्वारा गोर्रा के पास तापेंद्र महंत पिता रिद्धि शंकर महंत उम्र 24 साल निवासी गोर्रा मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से गिर गया था जिसे मेडिकल इमरजेंसी के इवेंट पर कोतरारोड़ राइनो स्टाफ आरक्षक लालजीत राठिया द्वारा श्वञ्क् वाहन से आर.एल. हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है ।

## धान खरीदी केन्द्र से टेबलेट चोरी

### » आरोपी जंगल में छिपा रखा था चोरी की टेबलेट

» चक्रधरनगर पुलिस ने चोरी की टेबलेट बरामद कर आरोपी को भेजा रिमांड



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोईंग के धान खरीदी केन्द्र लोईंग से दिनांक 03.02.2020 के सुबह करीब 10:30 बजे समिति के सेमसंग कम्पनी का टेबलेट कीमती 18,000 रूपये को गेट के बगल में चबूतरा के उपर से किसानों के भीड़भाड़ में कोई व्यक्ति चोरी कर ले गया था। सीसीटीवी फुटेज में महापल्ली निवासी सेदाम मिर्धा टेबलेट को चबूतरा से उठाकर अपने गांव के एक व्यक्ति के साथ मोटर साइकिल में बैठकर समिति प्रांगण से बाहर निकल गया था। चोरी की सूचना समिति प्रबंधक द्वारा डायल 112 एवं थाना चक्रधरनगर को सूचना दिया गया जिस पर पर थाना चक्रधरनगर प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले के हमराह सहायक उपनिरीक्षक बी.एस. डहरिया, आरक्षक अखिलेश कुशवाहा एवं जगदीश रत्नाकर महापल्ली पहुंचे। संदेही सेदाम मिर्धा से पूछताछ किया गया जिस पर उसने धान बिक्री के पर्ची लेने धान खरीदी केन्द्र लोईंग जाना बताया, संदेही से कड़ी पूछताछ करने पर उसने टेबलेट चोरी कर गांव से 3 किमी दूर जंगल में झडियों में छिपाकर रखना बताया,जिसे आरोपी की निशादेही पर बरामद किया गया है। घटना के संबंध में सहायक प्रबंधक मनोहर प्रधान उम्र 49 वर्ष , सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोईंग के रिपोर्ट पर आरोपी सेदाम मिर्धा पिता अर्जुन मिर्धा उम्र 26 साल निवासी महापल्ली थाना चक्रधरनगर के विरूद्ध अप.क्र. 40/2020 धारा 379 भादंवि कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।

### » प्रशासनिक एवं जिला पुलिस के बेह्तर तालमेल से कहीं अप्रिय घटना नहीं

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण रूप से संपन्न



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के महत्वपूर्ण दिशा निर्देशन पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2020 जिले में शांति पूर्ण रुप से संपन्न हुआ। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 3 चरणों में संपन्न हुआ। मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा प्रत्याशी मतदाताओं को अवैधानिक तरीके से अपने पक्ष में ना करें इसके पूरे इंतजाम जिला पुलिस द्वारा किया गया था। अचार संहिता दौरान तमनार थाना क्षेत्र में कुछ लोगों के द्वारा गाजे बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुये नगर भ्रमण कर रैली निकालना, थाना कोतरारोड़ क्षेत्र अन्तर्गत मतदाताओं को लुभवने के लिये बर्तन बांटाने की शिकायत एवं प्रथम चरण में चुनाव में हार की रंजीश पर मारपीट की कुछेक घटनाओं को देखते हुये। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी (3 अति पुलिस अधीक्षक, 8 उप पुलिस अधीक्षक एवं 2 प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक), सभी थाना/चौकी प्रभारी सम्पूर्ण बल चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में लगाये थे। जिला पुलिस के अलावा नगर सेना, कोटवार, सशस्त्र बल एवं नवआरक्षकों को भी मतदान केन्द्रों की सुरक्षा एवं पुलिस मोबाईल पेट्रोलिंग में लगाया गया था । जिला पुलिस के जिम्मे जिले के नक्सली/राजनैतिक संवेदनशील 646 मतदान केंद्र तथा 1257 सामान्य मतदान केंद्रों (कुल 1903) में चुनाव तीनों चरणों में शांति पूर्ण रूप से संपन्न कराना था। चुनाव के पूर्व पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष कुमार सिंह द्वारा जिले के सभी राजपत्रित एवं थाना/चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें प्रशासनिक अमले के साथ बेहतर तालमेल के साथ काम करने तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्रभावी रूप से लघु एवं प्रतिबंधक कार्यवाही करने तथा गंडा, माफी, निगरानी बदमाश एवं असमाजिक तत्वों पर निगाह रखते हुये कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480